सीसीटीएनएस/ अति महत्वपूर्ण।

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

पत्रॉकः टीएस–सीसीटीएनएस–06/ 2010[VIII] दिनांक: 06/ 11 /2017

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिरीक्षक, समस्त जोन, उ0प्र0।
पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस उपमहानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उ0प्र0।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक, समस्त जनपद, उ0प्र0।
पुलिस अधीक्षक, रेलवे, समस्त अनुभाग, उत्तर प्रदेश।

विषयः– सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के थानों में प्रयोग किये जा रहे कोर एप्लीकेशन साफ्टवेयर के वर्जन 4.5 को रोल आऊट किये जाने के सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही।

कृपया इस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकितः 01–11–2017 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के थानों में प्रयोग किये जा रहे कोर एप्लीकेशन साफ्टवेयर के वर्जन 4.5 को रोल आऊट किये जाने का प्लान प्रेषित किया गया है।

2– उल्लेखनीय है कि पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 मुख्यालय स्तर पर दिनांकः 27–10–2017 को आहूत (शुक्रवार) समीक्षा बैठक में सीसीटीएनएस योजना के तहत वर्जन 4.5 में किये जाने हेतु डाटा फीड की कार्यवाही 15–11–2017 तक पूर्ण करने हेतु समय सीमा निर्धारित की गई है।

3– उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्जन 4.5 रोल आऊट हो जाने के फलस्वरूप लम्बित प्रकरण प्रदर्शित होंगे **जैसे जिन अभियोगों में चार्जशीट/ फाइनल रिपोर्ट मा0 न्यायालय को प्रेषित की जा चुकी हैं परन्तु सीसीटीएनएस पोर्टल पर फीड नहीं किया गया है। ऐसे प्रकरणों को दिनांकः 15–11–2017 तक प्रत्येक दशा में फीड करा लिया जाए** अन्यथा बाद में लम्बित प्रदर्शित होंगे जिसका निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व जनपद/ जीआरपी अनुभाग प्रभारी का होगा।

6/11

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

प्रतिलिपिः– अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

2– पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ को उनके पत्र संख्याःडीजी/तीन–निर्देश (सा.गो.)/17 दिनांकः03–11–2017 के कम में सूचनार्थ प्रेषित।